**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 17. (क) क्या उद्यान मंत्री बतायेंगे कि वर्तमान में प्रयागराज व झांसी मण्डल के अन्तर्गत उक्त विभाग में कौन-कौन सी योजनायें है और उससे जनता को क्या लाभ प्राप्त हो रहा है? | जी, हाँ।<br>उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रयागराज एवं झाँसी मण्डल के अन्तर्गत प्रमुखत: निम्न योजनाएँ संचालित हैं:-<br>• एकीकृत बागवानी विकास मिशन।<br>• पर ड्राप मोर क्रॉप - माइक्रोइरीगेशन।<br>• अनुसूचित जाति/जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना।<br>• पान उत्पादन की योजना (प्रतापगढ़, प्रयागराज, ललितपुर)।<br>• गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजना (प्रयागराज मण्डल)।<br>• बुंदेलखण्ड एवं विंध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजना (झांसी मण्डल)।<br>• फलपट्टी विकास योजना (प्रतापगढ़, कौशाम्बी)।<br><br>**जनता को प्रदत्त लाभ-**<br>1-फलों, सब्जियों, फूलों, औषधीय, सगन्ध, मसाला फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु अनुदान।<br>2-मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन में अनुदान।<br>3-पौध एवं बीज उत्पादन पर अनुदान।<br>4-बागों में मशीनीकरण हेतु अनुदान।<br>5-तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन हेतु अनुदान। |

6-पानी के बचत एवं प्रभावी सिंचाई हेतु सूक्ष्म सिंचाई पद्वति पर अनुदान।

7-फलपट्टी (प्रतापगढ़ में आंवला एवं आम, कौशाम्बी में अमरूद) के विकास एवं संरक्षण हेतु कार्यक्रम।

8-पान बरेजा के निर्माण पर अनुदान।

9-समस्त औद्यानिक फसलों के नवीन तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु कृषक प्रशिक्षण/भ्रमण कार्यक्रम।

| | |
|---|---|
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जी, हाँ। उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों?" | प्रश्न ही नहीं उठता। |

**दिनेश प्रताप सिंह**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),

उद्यान विभाग।